तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, रविवार 18 मई 2025



11 भाजपा की मजदूर विरोधी नीति उजागर मनरेगा में...



12 तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब जिले में दिखी...






## खबर संक्षेप



### सोने-चांदी की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** कौन्दकेरा गांव में सुने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सोने और चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कौन्दकेरा निवासी दशोदा कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी बेटी के साथ रायपुर अपनी दीदी उर्मिला का इलाज कराने गई थीं। घर में ताला लगाकर चाबी पड़ोसी के पास रख दी थी। 15 मई को लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और भीतर रखा पेटी भी टूटा हुआ था। पेटी से 24 तोला चांदी की पायल और सोने की दोरला माला गायब थी। राजिम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना और गवाहों के बयान के आधार पर प्रार्थिया का भतीजा मनहरण सूर्यवंशी संदिग्ध पाया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने शेष पेज 11 पर

### सुरंगपानी में आज से चार दिवसीय श्री श्री सोलह प्रहर नामयज्ञ का शुभारंभ

**रसेला।** ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी में श्री श्री चैतन्य महाप्रभु की असीम कृपा से 18 मई से 21 मई तक 4 दिवसीय नामयज्ञ का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की शुभारंभ आज संध्या 4 बजे कलश यात्रा एवं अधिवास,19 को प्रता 10.30 बजे से ब्रह्म नाम जाप प्रारम्भ होगा। 20 को महामंत्र नाम निरंतर जारी रहेगा। 21 दिन बुधवार को महामंत्र नाम विश्राम के साथ पूर्णाहुति 10.30 बजे नगर संकीर्तन, दही हांडी लुण्टन, महाप्रसाद ग्रहण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के आचार्य होंगे संतोष कुमार पाढ़ी ग्राम सिन्धेकेला ओडिशा, कर्ता होंगे केशर कुमार मरकाम, प्रमीला बाई मरकाम, रतनसिग नागेश, तुलसी बाई नागेश। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी सुरगपानी और मेडकीडबरी के लोग जुटे हुए हैं।

समस्या : धान, मक्का, दलहन तिलहन की फसल को वन्य प्राणी पहुंचा रहे नुकसान

# बेमौसम बारिश बनी आफत, धान-मक्के की फसल पर खतरा, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नगर सहित नगर सहित वनांचल क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं होने के बावजूद किसान खेतों में ट्युबवेल करवा कर धान, मक्का एवं दलहन तिलहन की फसल ले रहे हैं और इन दिनों जब धान की फसल अब पक चूकी है धान और मक्का की कटाई मिजाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी है ऐसे में बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत बनी हुई है। पिछले एक माह से क्षेत्र में मौसम का मिजाज दोपहर के बाद बिगड़ जाता है और लगातार बारिश ओलावृष्टी से किसानों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। किसान आलींम अंसारी, नोकेलाल ध्रुव, थानु पटेल, सुकदेव पटेल, त्रिभुवन पटेल, याति पटेल एवं किसानों ने बताया की लगातार बेमौसम बारिश से धान और मक्के की फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। कई किसानों के धान अभी खेतों में कटाई के बाद करपा के रूप में पड़ा है लेकिन बारिश के कारण भारी परेशानी हो रही है जबकि क्षेत्र के किसान जल्द धान की कटाई हो जाय इसके लिए थ्रेसर, हारवेस्टर जैसे उपकरणों का सहारा ले रहे हैं। मई माह में लगातार बारिश से किसान वर्ग भी खांसे परेशान है इन सब के बीच किसानों के मुश्किले भी कम नहीं है, पूरे माह बेमौसम बारिश बदली, ओला वृष्टि से प्रभावित हुई फसलों से अन्नदाताओं शेष पेज 11 पर





### वनांचल क्षेत्रों में वन्यप्राणी पहुंचा रहे हैं मक्का और धान की फसल को नुकसान

मैनपुर वनांचल शोभा, गोना, गौरगांव, कुचेंगा, भुतबेड़ा, गरीबा, जिडार, सिंहार, चलकीपारा, तुहामेटा, देहारगुडा, कोदोभाठ, गोपालपुर, गिरहोला, धवलपुर, दबनई, फरसरा, लुठापारा, धोबीपारा लेड़ीबहार, रामपारा, दर्रीपारा, कुहलीबेड़ा, नवागढ़, तेंदुबाय, खासरपानी, कोचईमुड़ा, सातधार, कसाबाय क्षेत्र में किसान टुयबवेल के सहारे इस वर्ष बडी भु भाग में मक्का और धान की फसल ले रहे हैं धान की फसल के साथ मक्का की फसल तैयार हो गया है। जहां मौसम ने किसानों को परेशान कर रखा है वहीं वन्य प्राणी जंगली सुअर, भालू, नीलगाय बंदर और हिरण, सांभर के द्वारा भी फसलों को भारी नुकसान पहुचाने की बात किसानों द्वारा बताया गया है और इस संबध में किसानों ने वन विभाग को आवदेन भी देकर फसल क्षति की मांग किया है किसानों ने बताया कि मक्के की फसल को जंगली सुअर और बंदरों के झुण्ड के द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है बंदरों की झुण्ड फसल को तोड तोडकर बिखेर रहे है और मक्के के खेत के भीतर घुस जाते है किसानों को पता भी नही चल पाता जिससे किसान बहुत परेशान है।



# विद्युत विभाग में नौकरी का झांसा देकर 60 लाख की ठगी

## कार्यपालन अभियंता गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विद्युत विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू वर्तमान में बलौदाबाजार जिले में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ है, जबकि पूर्व में वह गरियाबंद जिले में भी इसी पद पर कार्य कर चुका है।


पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी महेंद्र साहू ने 14 मई को थाना पांडुका में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी कुलेश्वर साहू ने उन्हें, उनके परिवार और परिचितों से विद्युत विभाग के विभिन्न पदों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर 60 लाख रुपये की ठगी की। मामले की जांच में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) के तहत अपराध दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह विगत तीन वर्षों से ऑनलाइन जुए की लत में फंस गया था और भारी नुकसान होने पर उसने इस ठगी को अंजाम दिया। आरोपी ने ठगी की रकम से अपने कर्ज उतारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सीपीयू, बोलेरो वाहन, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े दस्तावेज तथा प्रार्थी से प्राप्त 40 हजार नकद बरामद किए हैं। पुलिस रिमांड के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# नगर अध्यक्ष ने बिगड़े बोर के मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर में इन दिनों भीषण गर्मी के चलते वाटर लेवल कम हो चुका है, नदी-नाले कुएं सुख चुके हैं। वहीं नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव अपने पार्षदों के साथ सुबह से विभिन्न वार्डों में दौरा कर पानी की समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने का काम कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक भारत गुप्ता के घर के पास जो सार्वजनिक बोर हैं, जो वार्ड क्रमांक 3 और वार्ड क्रमांक 8 के लोगों का निस्तारी सबसे बड़ा साधन है। यह बोर मशीन जल गया जिसकी जानकारी देते हुए पार्षद प्रतितिधि सोमनाथ पटेल ने बताया हकि दोनो वार्डो के पानी निकासी का सबसे बड़ा साधन यही बोरमशीन है। जो दिन रात चलने के कारण जल गया। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महेश यादव नगर पंचायत के कर्मचारियों को साथ ले जाकर स्वयं खड़े रहकर बोर मशीन को बनवाया तब कहीं दोनो वार्ड में पानी की समस्या हल हुई। वार्डवासियो ने अध्यक्ष, पार्षद और कर्मचारियो को धन्यवाद ज्ञापित किया।




जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण एवं पौधारोपण की शपथ

# समस्या समाधान शिविर में जरूरतमंदों को वितरित की गई ट्राईसाइकिल, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरवागुड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां धुरवागुड़ी सहित आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में जिला पंचायत सीईओ श्री जीआर मरकाम एवं प्रशासनिक अधिकारियो ने शामिल होकर लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही शिविर में मौजूद लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाव के संबंध में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई। उन्होंने लोगों को जल के बचाव के लिए कार्य करते हुए फसल परिवर्तन एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में पूर्व विधायक शेष पेज 11 पर

# सामान्य यात्रियों की वापसी पर डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज पर अभी भी ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजफायर होने और विमानतलों में हाई अलर्ट पर दी गई ढील के बाद सामान्य यात्रियों की वापसी होने लगी है। छुट्टियों में विभिन्न शहरों में घूमने के लिए डोमेस्टिक फ्लाइट पैकेज बुक करवाने वालों के मन से अभी डर खत्म नहीं हुआ है। युद्ध के हालात बनने पर देश और विदेश यात्रा की बुकिंग कैंसिल होने का सदमा झेल रहे ट्रैवल्स एजेंट बची छुट्टियों में सैर-सपाटे करने वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद देश के कई विमानतलों को बंद कर दिया गया था। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट सहित अन्य शहरों के एयरपोर्ट में सुरक्षा हाईअलर्ट पर थी। युद्ध की स्थिति टलने के बाद सुरक्षा में ढील दी गई है और यात्रियों को तीन घंटे पहले विमानतल पहुंचने की पाबंदी हटा दी गई है। एहतियात के तौर पर यहां विजिटर एंट्री बैन कर दिया गया था, जिसे वापस लिया जा चुका है।

व्यास ट्रैवल्स के संचालक पंकज व्यास ने बताया कि तनाव समाप्त होने के बाद दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले सामान्य यात्री लौट चुके हैं। दूसरे शहरों के लिए बुकिंग हो रही है, मगर छुट्टियां शेष होने के बाद भी सैर-सपाटा के लिए जाने वाले बुकिंग के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। अशांति के दौरान भारी संख्या में लोगों ने टिकट कैंसिल कराया है। जिनकी यात्रा जून में पूरी होनी है, वे धीरे-धीरे मूड बना रहे हैं और संभावना है कि आने वाले दिनों और बारिश के पहले तक लोगों की छुट्टियों की यात्रा का मूड फिर से जमेगा।



- विमानतल में हाई अलर्ट से दी गई ढील, विजिटर एंट्री से भी पाबंदी हटी
- छुट्टियां बाकी इसलिए सैर-सपाटे वालों की बुकिंग बढ़ने का इंतजार

### एयरपोर्ट में हुआ था मॉकड्रिल

तनाव के दौरान रायपुर एयरपोर्ट में भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात सुरक्षा बलों की सक्रियता को परखा गया था। इसके लिए विमानतल में मॉकड्रिल भी किया गया था और रात में ब्लैक आउट की प्रक्रिया दोहराई गई थी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि उस अवधि में रायपुर विमानतल पर आवाजाही करने वालों की पूरी सख्ती से जांच की गई थी। हालांकि उस अवधि में रायपुर से संचालित होने वाले किसी भी विमान की आवाजाही पर असर नहीं हुआ था।

### विदेशों का टिकट भी रद्द, करोड़ों का नुकसान

तनाव को देखते हुए देश के साथ विदेश जाने वाले यात्रियों ने भी मई के महीने का टिकट कैंसिल करा दिया था। इसमें तुर्की, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जाने वाला परिवार शामिल था। काफी यात्रियों की बुकिंग जून की है, जो आपात स्थिति हटने के बाद बाहर जाने का मन बना रहे हैं। जून में प्रदेश से काफी लोगों ने न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों का टिकट कराया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में देश के भीतर के विभिन्न शहरों की बुकिंग बढ़ने का अनुमान है।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

**रायपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रायपुर के कक्षा बारहवीं एवं दसवीं के छात्रों ने रायपुर तथा संपूर्ण छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। सीबीएसई-2025 परीक्षा के अंतर्गत बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में कला संकाय से ज्ञानवी कोरे 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, पलक सोनकर 91.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अविका सिंह 88.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार विज्ञान संकाय से शुभम पात्रे 90.6 प्रतिशत, छवि पाटिल 90.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा हर्ष साहू 89.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान तथा वाणिज्य संकाय से रुचिका वर्मा 93.4 प्रतिशत अंकों के प्रथम स्थान, रिशिका साहू 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा अर्णव कश्यप 86.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में चंचल भारती 93.6 प्रतिशत तथा अनस अहमद 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। रचित नायक 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुष्मिता पात्रे 91.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं । कक्षा बारहवीं में 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, जिसमें संस्कृति शुक्ला ने फिजिकल ऐक्टिविटी ट्रेनर विषय में एवं हर्ष साहू ने कंप्यूटर साइंस विषय में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। कक्षा दसवीं में भी 2 छात्रों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए, इनमें क्रमशः सेमोन सांगसूरतन (संस्कृत), अनस अहमद (गणित) शामिल हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना, उप-प्राचार्या सुनीता खिरबत तथा सभी शिक्षकों ने होनहार छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बीएड-डीएलएड के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश परीक्षा 22 मई को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। छात्र व्यापम की वेबसाइट पर जाकर अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड नंबर पर भेजे गए एसएमएस पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। व्यापम ने किसी भी तरह की दिक्कत के लिए प्रवेशपत्र भी जारी किया है।

### पीपीटी व प्रीएमसीए के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री पॉलिटेक्टनिक टेस्ट तथा प्री एमसीए के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। उक्त दोनों ही परीक्षाएं एक मई को आयोजित की गई थीं। छात्र मॉडल आंसर पर 21 मई तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान करना होगा। दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम अंतिम परिणाम जारी करेगा।

### मानसून आने के पहले महापौर ने निगम अमले को दिए निर्देश

# मीनल ने कहा- बारिश से पूर्व बड़े नालों की सफाई नहीं हुई तो जोन कमिश्नर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने बारिश का सीजन शुरू होने से पहले निगम क्षेत्र के सभी बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई कराने के लिए सभी जोन कार्यालयों को 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त बल दिया गया है, ताकि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई हो सके। इसके बाद भी अगर किसी क्षेत्र में नाला जाम होने से जलभराव की स्थिति बनेगी, तो इसके लिए संबंधित जोन कमिश्नर जिम्मेदार होंगे।

हरिभूमि सरोकार

महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में बारिश के पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई को लेकर आवश्यक बैठक बुलाई। इस बैठक में निगम के अधिकारियों के साथ सभी जोन क्षेत्र के अध्यक्ष, कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने सभी बड़े नालों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को 30 मई तक सभी बड़े नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कई जोन कमिश्नरों एवं अध्यक्षों ने उनके जोन में सफाई कर्मचारियों की कमी की बात कही। इसे देखते हुए महापौर ने सभी जोन कार्यालयों को नालों की सफाई के लिए 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त बल मुहैया कराए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने इस दौरान दो टूक यह भी कहा कि अतिरिक्त सफाई बल मुहैया कराने के बाद भी अगर समय-सीमा में नालों की सफाई नहीं हुई, तो इसके लिए जिम्मेदार जोन कमिश्नर होंगे।




### जलभराव से निपटने एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए भी दिए आवश्यक निर्देश

महापौर ने बैठक में बारिश के दिनों में शहर में होने वाले जलभराव क्षेत्रों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें, ताकि लोगों को जलभराव के कारण होने वाली परेशानियों से बचाया जा सके। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक में चर्चा की। उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, महापौर ने कहा- कमिश्नर एफआईआर कराएं

शहर में अनेकों जगहों पर जोन कार्यालय से अनुमति लिए बगैर कई मोबाइल कंपनियों के कर्मचारियों द्वारा टॉवर लगाने के लिए भूमिगत केबल बिछाई जा रही है। इसके लिए नई सड़कों को भी खोदा जा रहा है और केबल बिछाने के बाद सड़कों की न ही मरम्मत कराई जा रही है और न ही दोबारा डामरीकरण कराया जा रहा है। सड़कों के गड्ढों को सिर्फ मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया जा रहा है। कई जगह तो सड़कों की खुदाई के दौरान निगम के नल पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, जिसे सुधारने का काम नगर निगम को करना पड़ रहा है। ऐसे ही दो मामले वार्ड क्रमांक 56 ले. अरविंद दीक्षित वार्ड अंतर्गत न्यू राजेंद्रनगर में सामने आए हैं। इस मामले में महापौर ने कहा कि बगैर अनुमति के केबल बिछाने तथा पाइप लाइन डेमेज करने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके लिए जोन कमिश्नर को कंपनी के खिलाफ न केवल एफआईआर कराना चाहिए, बल्कि जुर्माना-हर्जाना भी वसूला जाना चाहिए।

# जामनगर से लाए गए जेब्रा की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- अनंत अंबानी द्वारा संचालित एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाए थे
- जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व ही जामनगर से लाए थे

जंगल सफारी में एक वयस्क नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने की घटना गुरुवार देर रात साढ़े 12 बजे के करीब की है। जेब्रा को सांप काटे जाने के बाद जू कीपर की उस नजर पड़ी, तब तक जेब्रा जिंदा था और उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

जू कीपर ने तत्काल इसकी सूचना जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के साथ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. जय किशोर जड़िया को दी। दोनों ने मौके पर पहुंचकर जेब्रा को बचाने एंटी स्नैक वेनम डॉट लगाया, बावजूद इसके जेब्रा को बचाया नहीं जा सका और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सफारी में जिस जेब्रा की मौत हुई है, उस जेब्रा को एक पखवाड़ा पूर्व अनंत अंबानी की संस्था द्वारा संचालित गुजरात स्थित जामनगर राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जंगल सफारी के डायरेक्टर ने सभी आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

सभी प्रजाति के वन्यजीवों के बाड़े में सर्प नियंत्रण और निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के डायरेक्टर ने निर्देश दिए हैं।

### रसेल वाइपर के काटने से मौत

जंगल सफारी में दोपहर तक तेज धूप थी। दोपहर तीन बजे के बाद मौसम बदला और कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। इससे जमीन के नीचे उमस बढ़ गई। गर्मी तथा उमस से बचने जहरीले सांप के बिल से निकल कर जेब्रा को डसे जाने की आशंका जताई जा रही है। जेब्रा को रसेल वाइपर द्वारा डसे जाने की आशंका जताई जा रही है।

# अवैध रेत उत्खनन के 876 प्रकरणों में 2.69 करोड़ रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामले में खनिज विभाग ने एक साल में 876 मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ 69 लाख 70 हजार 2 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया है, वहीं चालू वर्ष में 81 मामलों में 20 लाख 90 हजार रुपए से अधिक राशि वसूल की गई है।

खनिज विभाग के उप संचालक किशोर गोलघाटे ने बताया कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध रेत उत्खनन के 53 मामलों में 4296300 रुपए, अवैध परिवहन के 819 मामलों में 22414900 रुपए तथा अवैध भंडारण के 4 मामलों में 259000 रुपए की वसूली की गई है। इस तरह कुल 876 मामलों में 26970200 रुपए की राशि वसूली की गई है।



### साढ़े चार माह में 81 मामले में 20 लाख से अधिक राशि वसूली

उन्होंने बताया कि चालू वर्ष में 15 मई तक की स्थिति में अवैध रेत उत्खनन का एक मामला सामने आया, जिसमें कार्रवाई कर 59000 रुपए वसूले गए हैं, वहीं अवैध परिवहन के 80 मामलों में 2090600 रुपए की राशि वसूली है। इस प्रकार 81 मामलों में 2149600 रुपए की राशि वसूली गई है।

# बंगाल की खाड़ी से आने लगी नमी, उमस बढ़ाएगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न तरह के सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में आने वाली नमी की मात्रा में इजाफा हो रहा है, जिसकी वजह से गर्मी के बजाए उमस वाली बेचैनी बढ़ाएगी। नये सिस्टम के सक्रिय होने की वजह से प्रदेश में अंधड़ बारिश की गतिविधि में बढ़ोतरी भी होगी। शुक्रवार को उमसभरी गर्मी के बाद देर रात राजधानी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हुई।

प्रदेश में अब तक मई की भीषण गर्मी ने अपना असर नहीं दिखाया है। अप्रैल में पारा 44 डिग्री के पार हुआ था, मगर इस महीने का पहला पखवाड़ा अधिकतम 42 डिग्री के पार नहीं हो पाया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम को प्रभावित करने वाली विभिन्न तंत्रिकाओं की वजह से लगातार तेज हवा और वर्षा की गतिविधि बनी रहने के कारण गर्मी अपना प्रकोप नहीं दिखा पाई है। आने वाले दिनों में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना कम है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ आने वाली नमी की वजह से अंधड़ के साथ बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना बनी हुई है। शुक्रवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान बिलासपुर का 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रायपुर का पारा 40.6 पर सिमटा रहा। धूप में तेजी के बजाए नमी वाली बेचैनी थी, जो लोगों की परेशानी का कारण बनी रही। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के सिस्टम गर्मी की उतार-चढ़ाव वाली स्थिति को बनाए रखेंगे। इस बार मई का तापमान अपने पिछले साल के रिकार्ड 46.8 तक पहुंचने की संभावना काफी कम लग रही है।



- प्रदेश में बढ़ेगी अंधड़ बारिश की गतिविधि

### मानसून का माहौल बन रहा

दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले दो से तीन दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। इसके केरल में भी इस माह के अंत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। माना जा रहा है कि मानसून की रफ्तार अगर इसी गति से रही, तो यह प्रदेश में अपने सामान्य तिथि से पहले पहुंच जाएगा।

# 12वीं परीक्षा परिणाम के पहले ही बंद हो गए थे पोर्टल, अब रविवि फिर से मंगाएगा अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा अध्ययनशाला में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फिर से शुरू कर दिए गए हैं। पूर्व में 12 मई तक छात्रों से इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। सीबीएसई के परिणाम अंतिम तिथि गुजर जाने के पश्चात 13 मई को जारी हुए। इसे लेकर कई छात्रों ने विरोध प्रकट किया था। विद्यार्थियों का कहना था कि 12वीं के नतीजे आने से पहले से आवेदन पोर्टल बंद होने के कारण वे फॉर्म नहीं भर सके हैं। रविवि द्वारा शुक्रवार को इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करते हुए छात्रों से आवेदन मंगाए गए हैं।

गौरतलब है कि इस बार रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव किया गया है। पूर्व में ऑनलाइन होने वाली प्रवेश परीक्षा इस बार ऑफलाइन होगी। इसके अलावा छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए शुल्क भी देना होगा। शुल्क प्रदान किए जाने सहित आवेदन की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पुनः प्रारंभ किए जाने के बाद एंट्रेंस एग्जाम की तारीखों में बदलाव भी संभावित है।



- प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पुन: प्रारंभ, 27 मई तक फॉर्म भर सकेंगे छात्र
- 12 मई तक मंगाए गए थे आवेदन, इसके बाद जारी हुए सीबीएसई के परिणाम

### एमकॉम में 40% छात्र फेल

रविवि द्वारा एमकॉम सहित कई कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। एमकॉम अंतिम वर्ष के परिणाम 59.61 प्रतिशत रहे हैं। इस परीक्षा में 760 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 453 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 306 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 31 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं वार्षिक परीक्षा पद्धति पर बीते वर्ष अनुत्तीर्ण रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा के नतीजे भी जारी कर दिए गए हैं। बीकॉम प्रथम वर्ष में 151 में से 86 छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बीएससी प्रथम वर्ष में 196 में से 102 तथा बीए प्रथम वर्ष में 281 छात्रों में से 186 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

### सीबीएस के प्रवेश पत्र जारी

अध्ययनशाला में संचालित पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 20 मई को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आयोजित होगी। मूल विज्ञान केंद्र के निदेशक प्रो.कल्लोल के घोष तथा केंद्राध्यक्ष डॉ.लक्ष्मीकांत ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो गयी है। परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के ही अध्ययनशालाओं में आयोजित होगी। परिसर के मूल विज्ञान केंद्र, ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, गणित अध्ययनशाला, विधि अध्ययनशाला, फार्मेसी विभाग, विज्ञान भवन, कम्प्यूटर विज्ञान, कला भवन, नवीन परीक्षा भवन तथा बी.एड. भवन में बैठक व्यवस्था की गई है। चूंकि प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है, ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रविवि सीबीएस के लिए भी आवेदन तिथि में वृद्धि करेगा अथवा पूर्व तिथि में ही प्रवेश परीक्षा होगी।

# 16 प्रमुख वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अर्न्तविभागीय समिति (आईडीसी) की 306वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय एम-10 के हॉल में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अंतर्विभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री मंत्री केदार कश्यप ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही 2021 सीजन के वनोपजों के लॉट क्रमांक 123(ब) के आवंटन के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपज महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गोदाम शुल्क रहित महुआ फूल (बीज रहित) की एक लाख क्विंटल के विक्रय को पूर्व स्वीकृत दरों पर निर्यात हेतु स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत गोदाम शुल्क रहित वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन ऋचा शर्मा, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, कार्यकारी संचालक मनीवासगन, सलमा फारूकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी

वन मंत्री ने कहा, बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी, साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# पौने 11 लाख से अधिक संग्राहकों ने बेचा 596 करोड़ का तेंदूपत्ता, संग्रहण का लक्ष्य होगा पूरा, सरकार को उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में करीब दस लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों ने अब तक 10.84 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता फड़ों में बेचा है, जिसका मूल्य लगभग 596 करोड़ रुपये है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे संग्राहकों के खातों में जमा की जाएगी। इसके लिए सॉफ़्टवेयर में डाटा प्रविष्टि की प्रक्रिया ज़िला यूनियनों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

### बेमौसम बारिश से नुकसान भी

छत्तीसगढ़ के वनवासी अंचलों में इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेज़ी से जारी है। राज्य के 902 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 10,631 फड़ों में यह कार्य हो रहा है। असमय हवा, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस वर्ष तेन्दूपत्ता फसल को नुकसान जरूर पहुंचा है, लेकिन संग्राहक परिवारों की मेहनत और सरकार की प्रतिबद्धता ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है।



### उम्मीद के मुताबिक होगा संग्रहण

तेन्दूपत्ता संग्रहण से छत्तीसगढ़ के लाखों वनवासी परिवारों को प्रतिवर्ष सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। यह आय न केवल उनके परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। तेन्दूपत्ता खरीदी के साथ-साथ वर्तमान में पत्तों का उपचार, बोरा भराई और गोदामों में परिवहन का कार्य भी शुरू हो चुका है। सरकार को उम्मीद है कि निर्धारित संग्रहण लक्ष्य की प्राप्ति शीघ्र हो जाएगी।

### सीएम बोले- मेहनत का पैसा समय पर मिले

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि तेन्दूपत्ता छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों के लिए केवल वनोपज नहीं, बल्कि आजीविका का आधार है। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि संग्राहकों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। तेन्दूपत्ता संग्रहण से जुड़े हर परिवार के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अहसास हो, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर को 4000 मानक बोरा से बढ़कर 5500 रुपए कर किया है, जिससे संग्राहकों को पहले की तुलना में अब ज्यादा लाभ मिलने लगा है।

## खबर संक्षेप



### ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली रैली लगाए देशभक्ति के नारे

**फिंगेश्वर।** नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा "ऑपरेशन सिन्दूर" के अंतर्गत देश की रक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने और वर्तमान में देश सेवा में तैनात सैनिकों के मनोबल को प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नगर पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक चौक, पुराने बस स्टैंड होते हुए पुनः कार्यालय भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली मे देशभक्ति जमकर नारे लगाये गये। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पार्षद नरेंद्र रात्रे सहित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

### ठाकुरदियाखुर्द में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक ऑपरेशन सिंदूर हम सेना के साथ है का आयोजन प्राथमिक उच्च प्राथमिक व उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ठाकुरदियाखुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा व शाला प्रबंधन समिति का योगदान रहा।

## पेज 9 के शेष...

### सोना-चांदी की चोरी ...

अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने 15 मई की सुबह घर का ताला तोड़कर चोरी की थी और जेवर अपने घर की अलमारी में छुपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी के घर से गवाहों के समक्ष चोरी गए जेवर बरामद कर जब्त कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी मनहरण सूर्यवंशी (36 वर्ष), निवासी कौन्दकेरा, को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में राजिम थाना पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### बेमौसम बारिश बनी...

को काफी नुकसान का सामना करना पडा है। लगातार आसमान में बादलो की लुका छिपी चल रही है, दोपहर के बाद रोजाना अंधड चलने लगता है जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकरे गहरा गई है चार महिने के अथक परिश्रम के बाद जब फसले पककर तैयार हो गई कटाई के कार्य के लिए खासा मशक्कत करने पड रहा है। **शाम होते ही खेतों में घुस जाता है जंगली सूअर और भालू-** ठेमली, पथरी, गोबरा क्षेत्र के किसानो ने बताया शाम होते ही वन्यप्राणी जंगली सुअर, भालू अपने बच्चों के साथ मक्के की फसल में घुस जाता है जो दिखाई ही नहीं देता। रातभर जमकर फसल को नुकसान पहुंचाता है कई बार वन विभाग को लिखित में शिकायत कर चूके हैं लेकिन अब तक किसानों को मुआवजा और फसल क्षति नहीं मिला। जबकि किसान फसल की रखवाली के लिए खेतों में मचान तक बनाए हैं।

### समस्या समाधान...

डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी, सीईओ जनपद मैनपुर सुश्री श्वेता वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।
**योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले-** शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसके अगले चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी उनके गांव के पास ही शिविर लगाकर दी जा रही है। उन्होंने लोगों से शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ उठाने की अपील की। शिविर में तिरंगा यात्र अभियान के तहत देश की सेना का हौसला अफजाई करने तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति से परिपूर्ण नारे भी लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन यशवंत बघेल ने किया।

**निर्देश :** विधायक ने कई निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

# भाजपा की मजदूर विरोधी नीति उजागर मनरेगा में कटौती नहीं चलेगी : जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव शनिवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्त वनांचलो के ग्रामो में पहुंच कर जहां ग्रामीणों से मूलाकात किया वहीं ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कई समस्याओं का तत्काल समाधान करने की बात कही मैनपुर से 36 किलो मीटर दूर ग्राम कोयबा पहुंचे जनक ध्रुव ने बुर्जूग महिला का पैर छुकर उनका हालचाल पुछा तो बुर्जूग महिला भावुक होकर विधायक को गले लगा लिया और जमकर अशिर्वाद दिया। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ग्राम कोयबा में आयोजित श्री श्री अष्टपहरी नाम यज्ञ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए और पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति समृद्धि खुशहाली की कामना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल व बेमौसम बारिश से फसल क्षति के मामले से विधायक को अवगत कराया साथ ही क्षेत्र में रोजगार खुलवाने की मांग किया जिस पर विधायक ने तत्काल राजस्व विभाग को फोन कर फसल क्षति का आंकलन कर मुआवजा प्रदान करने को कहा है। मैनपुरकला में वर्षों बाद पुल निर्माण किया जा रहा है इस पुल निर्माण कार्य के निरीक्षण में पहुंचे विधायक ने पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री निहाल नेताम, दीपक मंडावी, रूपेन्द्र सोम, सरपंच गज्जू नेगी, तनवीर राजपूत, बीरसिंह मरकाम,नाथुराम मांझी, टीकम मांझी, रघुपटेल, तुलाराम पुजारी, कुमार सिंह ओटी, मधु सिंह ओटी, पुस्तम नेताम, रामरतन मांझी, हरलाल मिश्रा सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





### मजदूरों के सामने अब रोजगार का संकट

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम ठेमली पहुंचे विधायक ध्रुव का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याओं से विधायक को अवगत कराया विधायक जनक ध्रुव ने कहा भाजपा सरकार की मजदूर विरोधी नीति बेनकाब हो गई है मनरेगा के कार्यो में कटौती किया जा रहा है जिसके कारण लोगो के सामने रोजगार नही मिलने से पलायन की स्थिति निर्मीत हो गई है मजदूरों के सामने अब रोजगार का संकट खड़ा हो गया है मनरेगा में कार्य कर मजदूरी से किसान ग्रामीण खेती किसानी कार्य करते थे। अब वित्त वर्ष 2025–26 में घटा दिया गया है जिससे अजीविका प्रभावित हो रही है बेरोजगारी के कारण मजदूर पलायन करने मजबूर हो रहे है श्री ध्रुव ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा सरकार के नीतियां मजदूर विरोधी है और इसका असर मजदूरो के जीवन और सम्मान पर हो रहा है। श्री ध्रुव ने कहा जब तक हर हाथ को काम और सम्मान नही मिलेगा तब तक हम अवाज उठाते रहेगें।

# घुमरगुड़ा पंचायत में किसानों के हित में बुल्डोजर चला, समस्याएं हुईं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम पंचायत घुमरगुड़ा जहां जमीन पर अवैध तरीके से किए गए कब्जे को बुलडोजर चलाया गया। रोड किनारे की जमीन को कब्जामुक्त करवाया गया। विगत तीन वर्षों से घूमरगुड़ा पंचायत में धान उपार्जन केंद्र संचालित हो रही थी, जहां तीनों पंचायत बरकानी, सरगीगुड़ा, घुमरगुड़ा के किसान अपने धान बेचने के लिए लाते है। परन्तु प्रति वर्ष धान उपार्जन केंद्र एक स्थान से दूसरे स्थान बदली जाती रही है, जिसके कारण किसानों को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता था। समाज सेवक देवेंद्र ठाकुर ने लिया संज्ञान अतिक्रमण हटाने ओर मंडी के समुचित व्यवस्था किए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप इस परेशानी को देखते ही समाज सेवक देवेंद्र ठाकुर सभापति जनपद पंचायत देवभोग ने चुनाव से पहले अवैध कब्जा, अतिक्रमण हटाने ओर मंडी के समुचित व्यवस्था किए कलेक्टर को आवेदन दिया। यह प्रक्रिया लगभग 6 महीना तक चली। सिनापाली के समाधान शिविर में तहसीलदार के नाम धान उपार्जन केंद्र के लिए आरक्षित भूमि से कब्जा हटवाने के लिए आवेदन दिए।



### तहसीलदार ने की कार्रवाई

सिनापाली समाधान शिविर में 05 मई को को तहसीलदार के नाम पर दिया था आवेदन में स्पष्ट कहा गया कि 15 दिवस के अंदर अवैध कब्जा पर कार्यवाही नहीं होती है तो हमारे क्षेत्र के किसानों संघ मेरे द्वारा आंदोलन किया जायेगा। समाज सेवक देवेंद्र ठाकुर जनपद पंचायत सभापति के आवेदन पर हुई कार्यवाही अवैध कब्जा के लिखित आवेदन को संज्ञान में लेकर तहसीलदार चितेश कुमार देवांगन ने अवैध कब्जा पर कार्यवाही करते हुए कब्जामुक्त करवाया गया। अब घुमरगुड़ा में निर्धारित जगह पर संचालित होगा धान उपार्जन केंद्र लोगों को नहीं होना पड़ेगा परेशान अवैध कब्जा को कब्जामुक्त कर अब उस जमीन पर गांव के लोगों के लिए धान उपार्जन केंद्र सुचारु रूप से संचालित करने से समस्त ग्रामवासी को आर्थिक रूप से लाभ होगा। समाज सेवक देवेंद्र ठाकुर ने गांव के हित के लिए किया अच्छा काम इस कदम को गांव के विकास और लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भेण्डरी में निकली तिरंगा यात्रा



**नवापारा–भेण्डरी।** भेण्डरी में वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव शहीद स्मारक से ग्रामवासियो ने तिरंगा यात्रा निकाला। जिसमें सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, प्रहलाद ध्रुव, ओंकार साहू, नंदू सेन, यशवंत यादव,राजू साहू ,प्रेम सिन्हा, छबि विनायक, गोपाल साहू शामिल हुए।

### भाजपा नेता ने अंचल की समस्याएं विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष रखीं

**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल के नेता मिंजून साहू एवं पूर्व एल्डरमेन सहदेव सोनी ने राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात करते हुए राजिम क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया गया जिसमें प्रमुख रूप से सूखा नाला पर बैराज बनाने, फिंगेश्वर उपमंडी को शीघ्र धान खरीदी के लिए चालू करने एवं जामगांव गुंन्डरदेही के पास गोरेला बांध बनाने के साथ ही अनेक समस्याओं को अवगत कराया गया।



# शोषण व सिस्टम की उदासीनता से तंग आकर सीएचओ आरती ने जीवन लीला खत्म की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आयुष्मान आरोग्य मंदिर जंगलपुर में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) आरती यादव ने मानसिक प्रताड़ना और शोषण से तंग आकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली की अमानवीय और संवेदनहीन स्थिति को उजागर करती है। आरती यादव हाल ही में अपने पति को एक सड़क दुर्घटना में खो चुकी थीं। उनके पीछे अब एक वर्ष का मासूम बेटा रह गया है, जिसके सिर से माता-पिता दोनों का साया उठ गया। आरती यादव ने पति की मृत्यु के बाद अवकाश की गुहार लगाई थी, लेकिन अफसरशाही के दबाव ने उनकी फरियाद को अनसुना कर दिया। दुर्ग जिले से दूर जंगलपुर के स्वास्थ्य केंद्र में अकेले कार्यरत आरती को छुट्टी न मिलने पर मजबूरन केंद्र पर सेवाएँ देनी पड़ीं। पति की मौत के बाद केंद्र बंद रहने पर उस पर लापरवाही का आरोप लगाया गया और उच्चाधिकारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना की गई।सूत्रों के अनुसार, आरती का एक माह का वेतन, तीन माह का कार्य आधारित भुगतान और केंद्र के लिए फंड रोक दिया गया था। वहीं, स्थानांतरण की कोशिशें संविदा शोषण का शिकार बन गईं। हाल ही में जारी कार्यदायित्व आदेश (TOR) में चार कर्मचारियों का काम अकेले उन पर डाल दिया गया। इसके बाद दो-तीन दिन पहले वेतन कटौती की धमकी ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने कहा है कि पूरे प्रदेश के 3500 सीएचओ में भारी आक्रोश है। यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संघ प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन की शुरुआत करेगा।

### संघ ने कहा- यह मौत एक मां की नहीं, पूरी व्यवस्था की हार है



छत्तीसगढ़ राज्य एनएचएम कर्मचारी संघ और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने इसे व्यवस्था की विफलता करार दिया है। संघ ने बताया कि यह प्रदेश में इस तरह का 26वां मामला है, जहां महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्पीड़न के चलते आत्महत्या जैसे कदम उठाए। संघ ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में पांच सीएचओ कार्यदबाव और अफसरशाही के कारण जान गंवा चुके हैं। संघ ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, महिला बाल विकास मंत्री व मिशन संचालक को कई बार पत्र लिखकर महिला स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा, नियमितीकरण, स्थानांतरण समेत लंबित मांगों पर कार्रवाई की मांग की है। महिला बाल विकास मंत्री ने इस मामले में संज्ञान लेकर स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजा था, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# सुशासन समाधान शिविर के मंच पर दो दलों में झड़प, अधिकारियों ने दखल कर कराया शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में नेताओं का बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज मैनपुर ब्लाक के खोखमा ध्रुर्वागुड़ी पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में उस वक्त बड़ा बवाल हुआ जब भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष माखन कश्यप द्वारा कांग्रेस सरकार के समय की कमियां गिनाई जा रही थी, और अपने चेयर से उठ कर जिला पंचायत गरियाबंद सीईओ श्री जी आर मरकाम ने भाजपा युवा नेता माखन कश्यप के संबोधन को रोकते हुए कहा कि समाधान शिविर के मंच को राजनीति मंच बनाना बंद किया जाए।सीईओ के रोकते ही इस फैसले के समर्थन में कांग्रेस समर्थित जनपद उपाध्यक्ष नन्द कुमारी राजपूत खड़ी होकर माखन कश्यप को जवाब देना शुरू कर दिया। मंच पर बैठे जिला पंचायत संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम भी नन्द कुमारी के समर्थन में उतरे पड़े।देखते ही देखते मंच का माहौल राजनीति अखाड़े में तब्दील हो गया। मौजूद वरिष्ठ नेता और अफसरों के दखल के बाद मामला शांत हुआ। मंच पर पूर्वतएँ सरकार के कार्यकाल के आलोचना बाद हुआ बवाल।अफसरों को मध्यस्थता कर शांत करानी पड़ी सभा।जिला पंचायत सीईओ की साफ नसीहत समाधान शिविर को राजनीतिक अखाड़ा न बनाएं।

### सुशासन तिहार के खिलाफ भाषण बाजी से बिफरे थे माखन

दरअसल मंच में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम ने अपने संबोधन मे क्षेत्रीय समस्याओ का अंबार गिनाया था।बिजली सड़क पानी जैसे मुद्दों पर आवेदन देने के बावजूद समाधान नहीं होना बताकर शिविर में समाधान पर सवाल खड़ा किया था।माखन कश्यप इसी सवाल के जवाब देने की कोशिश में कई सीमाएं लांघते नजर आए।जिसके चलते सीईओ को बीच में टोकना पड़ा था। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही क्षेत्र के धौराकोट में आयोजित शिविर में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने भी नल जल योजना,राजस्व प्रकरण निपटारे को लेकर प्रशासन को घेरा था।



### विपिन ने राजिम भक्तिन माता की पूजा-अर्चना की




**राजिम।** शनिवार को प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू राजिम पहुंचकर नवनिर्मित राजिम भक्तिन माता चौक में माता की मूर्ति में पुष्पमाला अर्पित कर सिर झुकाया और छत्तीसगढ़ की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया। इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू,विकास तिवारी मौजूद थे।

**नपा अध्यक्ष द्वारा रामायण, गीता ग्रन्थ वाचनालय को भेंट**

# किताबें दान में देकर वाचनालय जीर्णोद्धार में सहयोग करें : नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के स्टेशन पारा स्थित वाचनालय को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठा लिया है। अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने दृढ़ संकल्प से वाचनालय को पुराना वैभव लौटा दिया है है। उसी के मद्देनजर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने विगत माह वाचनालय की साफ-सफाई कराकर वहां लगे पौधों की कटिंग करा दी थी। वर्षों से अनुपयोगी वाचनालय की जीर्णोद्धार किया गया है। नपा अध्यक्ष ने आज वाचनालय में रामायण एवं गीता की पुस्तक भेट कर एवं वाचनालय परिसर में अपराजिता के पौधे लगाकर वाचनालय को पुनर्जीवित किया है। बता दे कि विगत कुछ वर्षों से रखरखाव एवं पुस्तकों के अभाव में वाचनालय की दशा खराब हो गई थी। ओमकुमारी साहू, अध्यक्ष बनते ही महानदी सफाई, वाचनालय का जीर्णोद्धार, नगर में ट्रैफिक व्यवस्थित करने एवं यात्री प्रतीक्षालय जैसे कार्यों को प्राथमिकता में रखकर निरंतर प्रयासरत है। नपा अध्यक्ष के प्रयास से आज वाचनालय में दानदाताओं द्वारा 200 पुस्तके, योगिता सिन्हा द्वारा पुस्तक स्टैंड प्रदान किया गया। आगामी दिनों में पुस्तकालय में बुजुर्गों के बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां, टेबल, बेंच की व्यवस्था करने की बात अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता योगिता सिन्हा, धीरज साहू, विजय बोथरा, पार्षद जीना निषाद, पूजा कंसारी, सिंटू जैन एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### वाचनालय ज्ञान अर्जन का प्रमुख केंद्र : योगिता

श्रीमती सिन्हा ने कहा कि वाचनालय केवल एक भवन ही नहीं छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए ज्ञान अर्जन का प्रमुख केंद्र है। एक ही साथ पर सभी प्रकार की किताबें पढ़ने में वाचनालय मददगार है। आगामी दिनों में प्रयास रहेगा कि साहित्य, कथा एवं अन्य धार्मिक पुस्तके भी वाचनालय में लोगों के पढ़ने के लिए उपलब्ध रहे। मालूम हो कि उन्होने स्टैंड एवं विज्ञान की 80 मैगजीन प्रदान की है।

### वाचनालय में बुक बैंक बनाने की योजना : ओमकुमारी

ओमकुमारी साहू ने बताया कि वाचनालय के लिए नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा पुस्तके दान में प्राप्त हो रही है। वाचनालय में 12 अखबार पाठकों के लिए उपलब्ध है। नपा अध्यक्ष ने लोगो से अपील की है कि अपने घर के अनुपयोगी एवं पुराने वर्ष के स्कूल की पुस्तकें वाचनालय में दान करे। जिससे गरीब एवं वंचित छात्रों को निशुल्क पुस्तक मिल सके। धार्मिक, साहित्य, कथा, उपन्यास अथवा अन्य पुस्तके दान करके वाचनालय के जीणोर्धार में सहयोग करे। आगामी दिनों में समिति बनाकर वाचनालय की देखरेख एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
// उद्घोषणा //
रा.प्र.क्र./ /ब-121/ वर्ष 2022-23
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरूराम निषाद वल्द स्व. खोरबाहरा निषाद जाति केंवट ग्राम सरकड़ा प.ह.नं. 14, रा.नि.म. पाण्डुका तहसील- छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. खोरबाहरा निषाद के जन्म प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म- मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9(3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है। स्व. खोरबाहरा राम मृत्यु दिनांक 17/01/2012 है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक **20/05/2025** तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
छुरा

## खबर संक्षेप



### धान की कटाई जोरों पर

**मुड़ागांव (कोरासी)।** क्षेत्र में ट्यूवेल साधन वाले किसान इन दोनों रबी फसल की कटाई जोर शोर से चल रहा था। लेकिन आय दिन शाम के समय में अचानक आंधी- तूफान व गरज के साथ बारिश के कारण कटाई कार्य बाधित है। मौसम ने अचानक करवट लेकर क्षेत्र में आंधी - तूफान व गरज चमक के साथ बारिश हुआ। दिन में तेज धूप था। संध्या होते ही बारिश शुरू हो गया है, इससे धान कटाई कार्य बाधित होने से चिंतित है। खेत में पानी के टकराव व मिट्टी नमी के कारण चैन वाले हार्वेस्टर की मांग बढ़ गई है। इधर बंगाल की खाड़ी में हलचल होने से क्षेत्र में बुधवार गुरुवार और शुक्रवार को भी गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुआ और बिजली भी बंद हो गया। ज्ञात हो कि सप्ताहभर से मौसम में उतार चढाव जारी है। मौसम को लेकर किसान परेशान हैं। दूसरी ओर जो किसान पहले से धान की कटाई कर चुके वे किसान घर के सामने उपज को तिरपल, पॉलिथीन से ढंक कर रखना पड़ रहा है। वहीं बाजार में धान की सही दाम नहीं मिलने से किसान बिचौलियों व कोचियों को प्रति क्विंटल 1600 सौ से 1700 सौ रुपये में बेचने को मजबूर हो रहे हैं।

### ग्राम खड़मा में युवा व्यक्तित्व विकास शिविर 22 से 25 तक

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गायत्री परिवार ब्लाक छुरा ग्राम खड़मा के प्रज्ञा योग केंद्र में 22 से 25 मई तक चार दिवसीय शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए किया जाएगा। इस शिविर में योग, भारतीय संस्कृति, संस्कार, गायत्री मंत्र, यज्ञ विज्ञान, स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण की जागरूकता, साधना,स्वाध्याय नशे की हानियां एवं उससे बचने के उपाय आदि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। शिविर में शामिल होने की न्यूनतम आयु 15 वर्ष है। शिविर में भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविरार्थियों को दैनिक उपयोगी सामान पेन डायरी आदि लेकर उपस्थित होना है। शिविर का उद्देश्य युवा पीढ़ी में समझदारी, जिम्मेदारी, ईमानदारी और बहादुरी के गुणों का संवर्धन करना है। साधनों की प्रचुरता के इस युग में साधकों की फौज खड़ा करना है जिससे वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के संकल्प मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण की पृष्ठभूमि तैयार हो सके। पालकों से निवेदन है कि आप अपने बच्चों को इस शिविर में अवश्य भेजें। कार्यक्रम की तैयारी में रामावतार यादव, ठाकुर राम यादव, चंदन सिंह ठाकुर, मालिक राम साहू, नंद कुमार सिन्हा, नंद किशोर यादव, देवा राम साहू, संध्या यदु, दीपाली सारस्वत, तिजऊ राम साहू, फिरन सिंह ठाकुर, पुखराज ठाकुर, रामेश्वरी साहू, मीना यादव, सरस्वती सिन्हा, नरसिंह सोम, हेमंत साहू, उमेंद दीवान, नंदनी साहू, निर्मला पटेल, भुनेश्वर पटेल, खिलेश्वरी सोम, कामता प्रसाद साहू,रोहित निर्मलकर, धनी राम यादव, राम लाल पटेल, राधे लाल पटेल आदि कार्यकर्ता अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

---

**यात्रा : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा**

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब जिले में दिखी एकता व देशभक्ति





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- शहर के मुख्य मार्गों पर देशभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा
- लोगों ने भारतीय सेना के सम्मान में देशभक्ति के लगाए जोशीले नारे

कलेक्टर बीएस उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के अगुवाई में सुबह 8.00 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के प्रांगण से तिरंगा यात्रा शुरू की गई। जो शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए तिरंगा चौक के गुजरकर गांधी मैदान में राष्ट्रगान गाकर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी तो हमारे देशवासी संगठित रहते है। हमारे देश के सभी नागरिक भारतीय सेना के साथ है। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग, जिले के आर्मी के सेवानिवृत्त सैनिक, पुलिस के जवान, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, समाज सेवी संगठन, आम नागरिक, जनप्रतिनिधि महिला एवं पुरुष, बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता, देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक श्री राखेचा ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की सेना कुशल रणनीति के कारण देश का सम्मान गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित हुआ है। हमारी सेना के नेतृत्व में देश पुरी तरह सुरक्षित है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए आज निकली गई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। इसके अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

**तिरंगा यात्रा में ये रहे शामिल**

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत, पूर्व सैनिक पुरन लाल पुसारिया, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, उप संचालक समाज कल्याण डीपी ठाकुर, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, सहायक संचालक मत्स्य आलोक वशिष्ठ, जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार, तहसीलदार श्री मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार अवंतिका गुप्ता, पार्षदगण अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## नवापारा में निकली तिरंगा यात्रा गूंजे भारत माता की जय के नारे

**नवापारा-राजिम।** नगर में शनिवार को सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला गया। शाम 4 बजे नगर पालिका चौक से यात्रा प्रारंभ हुई जो मां काली मंदिर, पंडित दीनदयाल चौक होते हुए गांधी चौक में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, जय जय श्रीराम, पाकिस्तान मुर्दाबाद नगर में गूंजता रहा। हाथों में तिरंगा लिए देश के प्रति अपनी आस्था एवं सम्मान का समर्थन व्यक्त करते हुए सैकड़ों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। बता दे कि ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के बाद पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। शनिवार को नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को जागृत करना, युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देना था। इस दौरान तिरंगे के साथ देशभक्ति के नारे, /"भारत माता की जय, वंदे मातरम, गूंजते रहे, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और जोश से भर दिया। यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों और स्वच्छता कर्मी दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा यात्रा न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, बल्कि यह नगरवासियों को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने का भी एक माध्यम है। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने तिरंगे के सम्मान और देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद किया। कहा कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने पर बमबारी कर सेना ने पराक्रम एवं शौर्य का परिचय दिया है। भारतीय सेना के साहस एवं दृढ़ संकल्प की सराहना करती हूं। नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि सेना की साहस एवं बलिदान को नमन है। तिरंगा यात्रा नई ऊर्जा एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इस आयोजन को नगर की एकता और सौहार्द्र का शानदार उदाहरण बताया। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर करें सेना का सम्मान : महेश




**राजिम।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद में नगर पंचायत राजिम के तत्वावधान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय से सुभाष चंद्र बोस चौक, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, और शिवाजी चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गईं। जिसमें मुख्य रूप से राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,सीएमओ मनीष गायकवाड़ ,इंजीनियर नीतेश भंवर ,दीपक वर्मा, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकार, सभापति भारत यादव, मंशाराम कुर्रे, आकाश सिंह राजपूत, तुषार कदम, सोमनाथ पटेल, नरोत्तम जुगू ठाकुर ,अंजनी निषाद ,बलराम यादव ,सुरेश पटेल ,टंकु सोनकर ,अजय पटेल सुमित्रा निराला ,रेखा साहू व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई, इसमें पार्षद ,कर्मचारी व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। श्री यादव ने कहा कि इसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को प्रबल और मजबूत करना है। सीएमओ मनीष गायकवाड़ ने कहा कि भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली गई, इसके माध्यम से संदेश दिया गया पूरे देश की जनता सेना के साथ है। यात्रा के दौरान पूरा नगर देशभक्ति के नारों के साथ गूंज उठा।

## सड़कों पर लहराया तिरंगा, शौर्य यात्रा में दिखा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक थीम पर शासन के आदेशानुसार पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में नगर पंचायत छुरा में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा नगर पंचायत से शुरू हुई। सभी ने हाथ में लिया तिरंगा तिरंगा यात्रा देशभक्ति नारों के साथ आगे बढ़ी। यात्रा का समापन स्वर्ण जयंती चौक, सदर रोड, बजरंग चौक, बस स्टेंड होते हुए नगर पंचायत पर हुआ। यहां सभी जनप्रतिनिधि एवं उपस्थित जनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सैकड़ों नगर वासी, समाजसेवी गण शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का परिचय दिया। यह यात्राएं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मना रही हैं। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने बड़ी संख्या में पाकिस्तानी आतंकियों को समाप्त किया था। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षलुकेश्वरी थानसिंह निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव,पार्षद हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवीसिंह नेताम, मोहम्मद यामीन, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, पूर्व पार्षद रामलाल कुलदीप,मीना चंद्राकर, दुलम बाई, तुलसी राम साहू, वरिष्ठ नागरिक राजू यादव, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, निखिल साहू, दीपक साहू, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, स्वच्छता दीदियां एवं नगर के नागरिक गण उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा में लोगों ने लिया बढ़-चढ़ कर भाग

**छुरा।** पहलगाम में हुई आतंकी हमला के विरोध में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा में सुबह से ही खेल मैदान में बड़े बच्चों सहित हाथ में तिरंगा के सम्मान व्यक्त करते हुए तिरंगा लहराया और सेना के जवानों के पराक्रम को सलामी देते हुए उनके शौर्य की सराहना की, वरिष्ठ बीमा सलाहकार देव सिंह रात्रे ने कहा कि हम सबके लिए है गौरव का विषय हैं कि हमारी सेना ने कुछ ही समय में पाकिस्तान को उनकी औकात दिखा दी और अपना परचम लहराया हम सब उनको सलाम करते हैं, छत्तीसगढ़ अस्पताल के संचालक हेमचन्द्र देवांगन ने कहा कि आज पूरा देश सेना के साथ खड़ा है और हम सबके लिए यह गौरव का विषय है कि हम सब तिरंगा यात्रा में भाग ले रहे हैं और हम सब संकल्प ले कि नेशन फर्स्ट हम सबके जीवन का अंग हो, समाज सेवी शीतल धुव ने कहा कि हम सब का जीवन का एक ही उद्देश्य होना चाहिए कि देश पहले उसके बाद समाज, गांव परिवार होना, हम सब संकल्पित हो कि हर परिस्थिति में देश पहले के भाव के साथ ही सब साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे, योगाचार्य मिथिलेश सिंहा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में सभी लोगों ने चढकर भाग लिया जिससे आप पता चलता है कि देश की सेना के शौर्य को सभी ने सलाम किया है और यह गौरव शाली पल को सभी महसूस कर रहे हैं, भरोत्तोनलन संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत यादव ने कहा कि पूरा देश आज तिरंगा यात्रा मना रहा है साथ-साथ पूरा देश में देशभक्ति की भावना से भर गया है यह निश्चित रूप से काफी ऐतिहासिक पल है और हम सब ऊर्जा को महसूस करें और देशभक्ति का भाव के साथ देश के आगे बढ़ाने में कदम के कम मिलेंगे तभी भारत विकसित देश बनाने में हम सब अपने भूमिका तय करेंगे ,कार्यक्रम में नामेश साहू सहायक विस्तार अधिकारी संजय ध्रुव उपस्थित थे।



## पांडुका में सरपंच के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

**राजिम।** पांडुका के सरपंच सुश्री भानु ध्रुव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकला जो पूरा गांव का भ्रमण किया। यात्रा में जनपद सदस्य कंचन देवांगन सहित पंच गौतम शर्मा, हर्ष देवांगन, बीना चक्रधारी , आशा साहू, पदमनी ध्रुव, चमेली सतनामी, राजकुमार साहू, सचिव रामगोपाल ध्रुव, कन्हैया चक्रधारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, केशव साहू, नरेंद्र देवदास, खुमान साहू, राजकुमार तारक, लेखराम यादव, शकुन पटेल विशेष रूप से शामिल थे।




## समर कैंप में बच्चे सीख रहे वेस्ट से बेस्ट निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला तुमगांव में समर कैंप लगाया गया। नवाचारी शिक्षण के लिए संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा केला, महुआ, पलाश, ख़मार, तेंदू के पत्तों, घर के वेस्ट से बेस्ट, मिट्टी के खिलौने, कागज के छोटे छोटे टुकड़ों से खेल एवं सजावटी सामग्री बनाना सिखाया गया। बच्चों को खेल खेल में गणितीय अवधारणाओं की शिक्षा दी गई। ड्राइंग, पेंटिंग के लिए प्रेरित किया गया। स्वस्थ रहने हेतु योग की बारीकियों से अवगत कराया गया। संकुल केन्द्र छुरा अ अन्तर्गत आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा, पूर्व माध्यमिक शाला पिपराही, प्राथमिक शाला भरुआमुड़ा, संजय नगर छुरा, आवास पारा छुरा, बोरियाझर, पिपराही, डागनबाय में भी समर कैंप का वृहद आयोजन किया गया। बच्चों के साथ साथ शिक्षक, पालक भी समर कैम्प का आनंद लिए।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

**विधायक ने डोंगीतराई को दी लाखों की सौगात**

# डोंगीतराई को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्य करें : इंद्रकुमार






हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम डोंगीतराई में विधायक इंद्रकुमार साहू ने लाखों रुपए निर्माण कार्य को सौगात दी है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, सरपंच कुमारू साहू एवं उपसरपंच गोपी साहू उपस्थित रहे। विधायक श्री साहू ने डोंगीतराई में साहू समाज भवन, महिला भवन, किचन शेड का लोकार्पण किया एवं 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले धोबी समाज भवन एवं 4.50 लाख की लागत के सार्वजनिक शौचालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। बाजार चौक में आयोजित कार्यक्रम में विधायक साहू ने कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्रामों में विकास एवं निर्माण के कार्य के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। समाज के लिए भवन का निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि युवा सेना की विभिन्न भर्तियों में शामिल होकर देश सेवा में आगे आए। अग्निवीर के माध्यम से देश की सेवा करने का एक बढ़िया अवसर है। कार्यक्रम में ग्राम डोंगितराई के पंचगण, धोबी समाज के वरिष्ठ खूबचंद निर्मलकर, चित लाल साहू, लाल जी साहू, तिलक साहू, भान सिंह साहू, भारी संख्या में ग्रामवासी, एवं युवा उपस्थित रहे।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है। जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411